# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय , जौनपुर

**प्रेषक–**
**परीक्षा नियंत्रक,**
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

पत्रांक : 132 /प.नि.का./2022

दिनांक : 26.04.2022

---

**सेवा में,**

**प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,**
सम्बद्व महाविद्यालय जनपद–गाजीपुर,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**विषय–प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना को लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी को सम्बोधित अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नोडल अधिकारी, (टेबलेट/स्मार्टफोन योजना) गाजीपुर के पत्रांक–1705/आ0लि0/2022, दिनांक–25 अप्रैल, 2022 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा यह सूचित किया गया है कि डिजीशक्ति पोर्टल पर जनपद गाजीपुर में स्थित उच्चतर शिक्षा विभाग के समस्त संस्थाओं/महाविद्यालयों द्वारा लॉक किये गये कुल 79644 लाभार्थियों की संख्या प्रदर्शित हो रही है, परन्तु वर्तमान में डिजीशक्ति पोर्टल पर जनपद लॉगिन में जब मैपिंग की जा रही है तो उक्त लाभार्थियों की संख्या प्रदर्शित न होने के कारण यू0पी0डेस्को द्वारा जनपद को उपलब्ध कराये गये डिवाइसेस को चिन्हित संस्थानों/महाविद्यालयों में हस्तान्तरण/स्थानान्तरण किये जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि कृपया डिजीशक्ति पोर्टल पर अपने महाविद्यालय की लॉगिन आई0डी0 से यू0जी0 एवं पी0जी0 अन्तिम वर्ष के छा़त्र/छात्राओं का डेटा दिनांक–27.04.2022 को वेरीफाई कर उसकी प्रति अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नोडल अधिकारी, टेबलेट स्मार्टफोन योजना, गाजीपुर एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी को प्रेषित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**<u>डिजीशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे लाभार्थियों की संख्या को वेरीफाई किये जाने हेतु दिशा–निर्देशः–</u>**

1. सर्वप्रथम सम्बन्धित संस्थओं/महाविद्यालयों द्वारा लॉगिन करने हेतु यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगिन करने पर डैशबोर्ड प्रदर्शित होगा।
2. तत्पश्चात Transaction Menu में जाकर Select students for Distribution Programme submenu पर क्लिक करें।
3. तदोपरान्त सेमेस्टर/एजुकेशन टाईप (यू0जी0/पी0जी0) का चयन कर सर्च बटन पर क्लीक करें।

4. इसके बाद विद्यार्थियों/लाभार्थियों का विवरण स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। सभी अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों/लाभार्थियों का चयन कर सबमिट बटन पर क्लीक करें।
5. तत्पश्चात जनपद की लॉगिन में उक्त विद्यार्थियों/लाभार्थियों का डेटा प्रदर्शित होने लगेगा।

संलग्नक–यथोपरि

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नोडल अधिकारी (टैबलेट/स्मार्टफोन योजना) गाजीपुर।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
3. प्राचार्य, पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, सैदपुर।
4. निजी सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।

परीक्षा नियंत्रक

कार्यक्षेत्रीय मण्डल – वाराणसी, आजमगढ़, मिर्जापुर।
कार्यक्षेत्रीय जनपद– वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, चंदौली, भदोही, सोनभद्र।
**कार्यालय : क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी।**
डी0–57/58, कस्तूरबा नगर, सिगरा, वाराणसी। फोन नं0 – (0542) 2221000
E-Mail Id- rheovns001@gmail.com Website-www.rheovns.co.in

**पत्रांक : क्षे0का0वा0/186 – 89 /2022–23, दिनांक : 26 /04/2022**

सेवामें,

परीक्षा नियंत्रक,
वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय– प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना को लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्रांक संख्या–1786/सत्तर–1–2021 दिनांक 28.10.2021 एवं इस कार्यालय के पत्र एवं अपर जिलाधिकारी महोदय, गाजीपुर(नोडल अधिकारी, टैबलेट/स्मार्टफोन योजना) के पत्रांक संख्या 17.05/आ0लि0/2022 दिनांक 25 अप्रैल 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो गाजीपुर जनपद के सम्बद्ध महाविद्यालयों के पंजीकृत छात्रों का डाटाबेस तैयार कर शासन के निर्देश के अनुक्रम में वितरित कराये जाने हेतु डिजिशक्ति पोर्टल पर जनपद के कुल लाभार्थी 79644 छात्र–छात्राओं का डेटा तत्काल वेरीफाई कराकर वितरण हेतु सुनिश्चित किये जाने का आदेश प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त शासनादेश के क्रम में आपको अपने विश्वविद्यालय के सम्बद्ध जनपदों में टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण हेतु विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी के रूप में आपको नामित किया गया था। तत्सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी द्वारा आहूत बैठक में सम्बन्धित छात्र–छात्राओं का डाटा तत्काल वेरीफाई कराकर दिनांक 28.04.23022 को प्रातः 11 बजे स्वयं अथवा अपने द्वारा नामित किसी अधिकारी को बैठक में प्रतिभाग करने का निर्देश दे, जिससे शासन द्वारा जनपद के स्मार्ट फोन/टैबलेट वितरण का कार्यक्रम समयानुसार सूचितापूर्ण सम्पादित कराया जा सके।

उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर उच्च शिक्षा का अधिकारी न होने के कारण अधोहस्ताक्षरी के पत्र –क्षे0का0वा0/2052–57/2021–22 दिनाक 03.12.2021 के द्वारा प्राचार्य, पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सैदपुर, गाजीपुर को इस कार्यालय द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया जा चुका है। सन्दर्भगत योजना शासन के शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित है, जिस कारण आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

संलग्नक– उक्तवत्

भवदीय
26/4/2022
डॉ0 ज्ञान प्रकाश वर्मा
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

पृ0सं0–क्षे0का0वा0/ ———— /2022–23 तद्दिनांक–
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, गाजीपुर।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, वित्त एवं राजस्व,नोडल अधिकारी(टैबलेट/स्मार्टफोन योजना ) गाजीपुर।
3. प्राचार्य, पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सैदपुर, गाजीपुर को इस आशय के प्रेषित कि जनपद स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए दिनाक 28.04.2022 की बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

**कार्यालय जिलाधिकारी, गाजीपुर।**

पत्रांक–1705 /आ0लि0/2022,
दिनांक– 25, अप्रैल, 2022

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

कृपया मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 लखनऊ के पत्र संख्या–513/77–1–2022 दिनांक–12.04.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजनान्तर्गत जनपदों को उपलब्ध करायी गयी डिवाइसेज चयनित छात्र–छात्राओं/लाभार्थियों को वितरित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

आप अवगत हैं कि प्रदेश के युवाओं के सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजनान्तर्गत जिलाधिकारी महोदय ने अपने आदेश संख्या–1558/आ0लि0/2021 दिनांक–16.10.2021 द्वारा आपको सदस्य नामित किया है।

डिजिशक्ति पोर्टल पर जनपद गाजीपुर में स्थित उच्चतर शिक्षा विभाग के समस्त संस्थाओं/महाविद्यालयों द्वारा लॉक किये गये कुल 79644 लाभार्थियों की संख्या प्रदर्शित हो रही है, परन्तु वर्तमान में डिजिशक्ति पोर्टल पर जनपद लॉगिन में जब मैपिंग की जा रही है तो उक्त लाभार्थियों की संख्या प्रदर्शित न होने के कारण यू0पी0 डेस्को द्वारा जनपद को उपलब्ध कराये गये डिवाइसेज को चिन्हित संस्थानों/महाविद्यालयों में हस्तान्तरण/स्थानान्तरण किये जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि डिजिशक्ति पोर्टल पर जनपद गाजीपुर में स्थित उच्चतर शिक्षा विभाग के समस्त संस्थाओं/महाविद्यालयों द्वारा लॉक किये गये कुल 79644 लाभार्थियों का संस्थाओं/महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 से यू0जी0 एवं पी0जी0 के अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राओं का डेटा तत्काल वेरीफाई कराकर दिनांक–28.04.2022 को प्रातः 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में मेरे निवर्तन कक्ष में आहूत बैठक में प्रगति आख्या के साथ स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0),
नोडल अधिकारी, (टैबलेट/स्मार्टफोन योजना)
गाजीपुर।

पत्रांक– /आ0लि0/2022 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– मुख्य विकास अधिकारी, गाजीपुर।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0),
नोडल अधिकारी, (टैबलेट/स्मार्टफोन योजना)
गाजीपुर।



GSM CamScanner(Make In India)

## डिजिशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे लाभार्थियों की संख्या को वेरीफाई किये जाने हेतु दिशा–निर्देश

1– सर्वप्रथम सम्बन्धित संस्थाओं/महाविद्यालयों द्वारा लॉगिन करने हेतु यूज़र आई०डी० एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगिन करने पर डैशबोर्ड प्रदर्शित होगा।

2– तत्पश्चात् Transaction Menu में जाकर Select Students For Distribution Programme Submenu पर क्लीक करें।

3– तदोपरान्त सेमेस्टर/एजुकेशन टाईप (यू०जी०/पी०जी०) का चयन कर सर्च बटन पर क्लीक करें।

4– इसके बाद विद्यार्थियों/लाभार्थियों का विवरण स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। सभी अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों/लाभार्थियों का चयन कर सबमिट बटन पर क्लीक करें।

5– तत्पश्चात् जनपद की लॉगिन में उक्त विद्यार्थियों/लाभार्थियों का डेटा प्रदर्शित होने लगेगा।



GSM CamScanner(Make in India)